आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.02.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सुधारात्मक कदम उठा रही है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकरारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के दसवीं कक्षा के 50 मैरिटोरियस विद्यार्थियों को एक सप्ताह की एक्सपोजर विजिट पर कम्बोडिया और सिंगापुर भेज रही है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ–साथ विद्यार्थियों के लिए भी एक्सपोजर विजिट पर प्राथमिकता दे रही है ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर बेहतर शिक्षा व अनुभव प्राप्त हो सके।

एसएमसी शिक्षकों के मुद्दे पर रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार को इन शिक्षकों की चिंता है और इनके आर. एंड पी. रूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन शिक्षकों को विभाग में नियमित करने का विचार रखती है।

यादविंदर गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि जयसिंहपुर के हर गांव तक सड़क पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। गोमा आज ग्राम पंचायत भुआणा के घरलूं के संपर्क सड़क कार्य का भूमि पूजन करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए सरकारी बजट के अलावा विधायक निधि से धन राशि उपलब्ध करवाई जा रही है।

विधानसभा उपाध्यक्ष

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों को गुणात्मक शिक्षा घर–द्वार पर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है और इसके लिए शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष आज रेणुका विधानसभा क्षेत्र की महिपुर पंचायत के चोरटीया–बनोगटा गांव में महिला मंडल और पंचायत भवन के लोकार्पण मौके पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलावों की शुरूआत कर दी है।

पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने को कहा है ताकि उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सके। पठानिया आज धर्मशाला में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि उत्पाद की बाजार में काफी मांग है। पठानिया ने कहा कि फसल बिमा योजना किसानों के लिए काफी कारगर है। इसलिए अधिक से अधिक किसानों को अपनाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड का दौरा करने को भी कहा।

विवेक शर्मा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र की सभी पंचायतों के समग्र विकास पर जोर देते हुए अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। विवेक शर्मा आज ऊना में जिला व उपमंडल प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया ताकि लोगों को इनका शीघ्र लाभ मिल सके। विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर पाईप लाईनों की मुरम्मत समय पर सुनिश्चित करने को भी कहा।

डी.सी.चंबा

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला अधिकारियों को राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत वित्त पोषित लम्बित परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज चंबा में इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न शिक्षण व स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों में रेट्रोफिटिंग के कार्यों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बनी खेत नाला में बाढ़ संरक्षण कार्यों को शुरू करने के लिए जल्द भूमि की निशानदेही पूरी करने को भी कहा।

———————————————————————————